प्रेस नोट

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 06.05.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः

- थाना राजपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 52/26 धारा 309(4) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. शिवम पाल उर्फ ज्वाला सिंह पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम जरिहा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 25 वर्ष, 2. अरुण पुत्र नरेन्द्र यादव निवासी मोहल्ला तिलक नगर थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया उम्र 26 वर्ष, 3. देशराज पुत्र हीरामन पाल उम्र 20 वर्ष व 4. अर्पित यादव पुत्र रविन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम कौरू थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 21 वर्ष को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद होने एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना राजपुर पर मु0अ0सं0 53/26 धारा- 109(1)/317(2)/317(4) बीएनएस, धारा- 35(1) बीएनएसएस व धारा- 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना मूसानगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 44/26 धारा 109(1) बीएनएस से सम्बन्धित बाल अपचारी पार्थ पुत्र अनूप कुमार उम्र करीब 17 वर्ष निवासी ग्राम नयापुरवा (हलिया) थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 13 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रूरा पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रनियां पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों व थाना शिवली पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।